अभ्यास भारत शक्ति

स्रोत: द हिंदू

भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए, राजस्थान के पोखरण में **"भारत शक्ति"** नामक एक **त्रि-सेवा लाइव फायर और युद्धाभ्यास** आयोजित किया जा रहा है।

- इसमें उन्नत **MIRV तकनीक** के साथ लंबी दूरी की **अग्नि मिसाइल** का सफल परीक्षण शामिल था।
- अभ्यास में प्रदर्शित प्रमुख उपकरण और हथियार प्रणालियों में **T-90 (IM) टैंक**, धनुष तथा सारंग गन सिस्टम, **आकाश हथियार प्रणाली**, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, रोबोटिक म्युल्स, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH), नौसेना एंटी-शिप मिसाइल, **हल्के लड़ाकू विमान तेजस**, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर एवं उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर शामिल हैं।
    - हालाँकि, **LCA तेजस फाइटर जेट एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुखद रूप से दुर्घटनाग्रस्त** हो गया।

और पढ़ें: अभ्यास कवच

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-bharat-shakti